प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर देश सहित प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम– शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने को बताया राजनीति से प्रेरित।
- राज्य सरकार नालागढ़ में 3 सौ 50 करोड़ रूपये की लागत से करेगी मैडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण।
- मॉनसून की सक्रियता से बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हुई वर्षा– 31 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा के आसार।

कारगिल विजय दिवस

राष्ट्र आज कारगिल विजय दिवस की रजत जंयती मना रहा है। इस अवसर पर देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने द्रास में शहीदों को नमन करते हुए कहा कि कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था, बल्कि सत्य, संयम और सामर्थय का अद्भुत परिचय दिया था। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि देश की सेना ने 5 हजार से अधिक हथियारों और सैन्य उपकरणों की सुची बनाकर ये तय किया है कि ये 5 हजार सैन्य उपकरण अब विदेशों से नहीं मंगवाए जाएंगे। इस बीच प्रधानमंत्री ने शिंकुला सुरंग परियोजना के निर्माण कार्य का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। यह परियोजना लेह से बेहतर संपर्क बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। लगभग पंद्रह हजार 800 फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली चार किलोमीटर से अधिक लंबी ये सुरंग लेह को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। निर्माण कार्य पूरा होने पर यह विश्व की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया है। एक संदेश में उन्होंने कहा कि हम सभी को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित भारत के वीरों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में प्रदेश के 52 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

कारगिल–2

इधर प्रदेश में भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित किया गया। समारोह में स्वास्थ्य व सैनिक

कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने शहीदों के परिजनों को समानित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में देश भक्ति की भावना का संचार हो इसके लिए इस तरह के कार्यक्रमों का बड़े स्तर पर आयोजन करने की आवश्यकता है। इस बीच सेना द्वारा 24 जुलाई से रिज मैदान पर कारगिल विजय दिवस रजत जंयती महोत्सव मनाया जा रहा है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मंडी में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पूरा देश कारगिल के शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुला सकता। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी ज़िले से भी कारगिल की लड़ाई को जीत में बदलने में वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जो गर्व की बात है।

धूमल

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर ज़िले के समीरपुर में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के कारण ही हम सभी देशवासी सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। धूमल ने कहा कि भारतीय सेना ने हमेशा से ही अपने अद्धितिय साहस व समर्पण का परिचय दिया है और कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमारे सैनिकों ने अपने कर्तव्यों का निर्वाहान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के साहस और समर्पण की कहानियां हमें प्रेरणा देती है और हमारे भीतर देश भक्ति की भावना को और मजबूत बनाती है।

नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ इस वर्ष की बैठक का विषय ''विकसित भारत–2047 रखा गया है। इस बैठक में विकसित भारत पर दृष्टिपत्र के प्रस्ताव पत्र पर चर्चा होगी। नीति आयोग के अनुसार शासी परिषद की बैठक का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों की जनसंख्या के लिए जीवन की गुणवत्ता बढाने के प्रति केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शासन और सहयोग की भागीदारी को बढावा देना है। इस बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने को हिमाचल के हितों से खिलवाड़ बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा हिमाचल के हितों को प्राथमिकता दी है लेकिन कांग्रेस ने ओछी राजनीति को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के हितों को ताक पर रखा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का बैठक के बहिष्कार का निर्णय न केवल राजनीति से प्रेरित बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अभी भी अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर प्रदेश हित में नीति आयोग की बैठक में भाग लेकर हिमाचल के मुद्दों को उठाना चाहिए। अनुराग ठाकुर ने ये भी कहा कि नकारात्मक राजनीति से प्रदेश का भला होने वाला नहीं है।

डिवाईस पार्क

राज्य सरकार ने सोलन ज़िले के नालागढ़ में अपने संसाधनों से डिवाईस पार्क बनाने का निर्णय लिया है। सरकार ने दो सौ 65 एकड़ भूमि पर 3 सौ 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार से मिली 30 करोड़ रुपये की राशि लौटाने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि मैडिकल डिवाईस पार्क में बनने वाले अधिकांश उपकरण राज्य से बाहर बेचे जाएंगे और इस पार्क में आने वाले उद्योगों को राज्य सरकार अपनी उद्योग नीति के अनुसार प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने राजधानी शिमला स्थित हनुमान मंदिर जाखू को टिम्बर ट्रेल के माध्यम से तारा देवी मंदिर से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया और कहा कि ये दोनों ही मंदिर लोगों की धार्मिक आस्था के केंद्र है और स्थानीय लोगों सहित बाहरी राज्यों से सैलानी भी वर्षभर इन मंदिरों में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इन मंदिरों के टिम्बर ट्रेल के माध्यम से आपस में जुड़ने से सैलानियों की संख्या बढ़ेगी और पर्यटन व्यवसाय को भी बल मिलेगा। सिकंदर कुमार ने शिमला शहर में फ्लाई ओवर बनाने और सड़कों को चौड़ा करने के लिए उचित बजट प्रावधान किए जाने की भी केंद्र सरकार से मांग की है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा व प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को निजी क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार तैयार किया जाएगा ताकि उन्हें आसानी से रोजगार मिल सके। वे आज कांगड़ा ज़िले के नगरोटा में एक मैगा मैडिकल कैंप के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। धर्माणी ने बताया कि नगरोटा इंजिनियरिंग कॉलेज में कम्पयूटर सांईस का कोर्स शुरू करने के लिए 50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने सेब बागवानों को दिए जा रहे यूनिवर्सल कार्टन की गुणवता पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का आरोप है कि सिंगल लेयर यूनिवर्सल कार्टन बागवानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है और इससे बागवानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। विधायक व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बलवीर वर्मा और चेतन बरागटा ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सरकार ने वामपंथियों के दबाव में जल्दबाजी में यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला लिया जिससे अब बागवानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सोलन ज़िले में दून विधानसभा क्षेत्र के दसौरा माजरा में आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणात्मक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि प्रत्येक

विधानसभा क्षेत्र में डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं और इन स्कूलों में बच्चों को घरद्वार पर ही आधुनिक शिक्षा उपलब्ध होगी। मुख्य संसदीय सचिव रामकुमार चौधरी भी इस दौरान मौजूद रहे।

<u>मिंजर मेला</u>

चंबा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला रविवार 28 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। चार अगस्त तक चलने वाले इस मेले का राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शुभारम्भ करेंगे जबकि समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मौजूद रहेंगे।

<u>मौसम</u>

मानसून की सक्रियता से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बीते 24 घंटों के दौरान वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भी प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने आगामी 31 जुलाई तक कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों सहित बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों की यात्रा न करने और नदी–नालों से दूर रहने की अपील की है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर देश सहित प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम– शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने को बताया राजनीति से प्रेरित।
- राज्य सरकार नालागढ़ में 3 सौ 50 करोड़ रूपये की लागत से करेगी मैडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण।
- मॉनसून की सक्रियता से बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हुई वर्षा– 31 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा के आसार।

……………………………